an>

Title: Need to accord sanction to the proposal for setting up of a Mining College in Singrauli, Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर प्रदान किया है। मैं मध्यप्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र से आती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी में प्राकृतिक संसाधनों, खानों, खनिज सम्पदाओं की भरपूर मात्रा है। यह क्षेत्र विन्ध्य नगरी में आता है, जहां से सटे सभी जिलों में भी उत्खनन का कार्य बड़े पैमाने पर होता है। उपरोक्त विशेषताओं को देख कर इन जगहों को अभियांत्रिकीय, तकनीकीय रूप से सुदृढ़, मजबूत व यहां के युवाओं को माइनिंग की शिक्षा में दक्ष बनाने के लिए पूर्व में राज्य व केंद्र सरकार ने मेरे संसदीय क्षेत्र सिंगरौली में माइनिंग कालेज बनाने के लिए प्रस्ताव मंजूर किया था। अतः माननीय अध्यक्ष जी, यहां धनबाद, झारखंड में बने इंडियन माइनिंग कालेज की तर्ज पर अतिशीघ्र ही एक माइनिंग कालेज बनाना जनहित, युवाहित, देशहित में सरकार का एक सही कदम होगा।

मैं आपके एवं सदन के माध्यम से कोयला व खान मंत्री भारत सरकार से आग्रह करना चाहती हूं कि यह विषय अति महत्वपूर्ण है। इस पर शीघ्र ही कार्रवाई कर अधर में लटके प्रस्ताव को क्रियांवित कर माइनिंग कालेज का निर्माण कराने का कष्ट करें और संबंधित कार्य को तेजी से कराने के लिए इस विभाग को आदेश दें जिससे युवा पीढ़ी को रोजगारोन्मुख लाभ मिले व क्षेत्र का विकास हो।